# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 03.09.2024

मुख्य समाचारः–

1– दंतेवाड़ा में सुरक्षा बलों के साथ आज हुई मुठभेड़ में छह महिला सहित नौ माओवादी मारे गए–बीजापुर जिले से तेरह माओवादी गिरफ्तार।

2– प्रदेश में आज से भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू–रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा की अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराया।

3– आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने फिर से भाजपा में किया प्रवेश।

4– राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति, नई दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में दुर्ग जिले की स्कूल शिक्षिका के. शारदा को सम्मानित करेंगी।

माओवादी मुठभेड़

दंतेवाड़ा जिले में आज सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में नौ वर्दीधारी माओवादी मारे गए हैं। इनमें छह महिला माओवादी भी शामिल हैं। सभी माओवादियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। मौके से एसएलआर, थ्री नॉट थ्री रायफल, तीन सौ पंद्रह बोर की बंदूक, बीजीएल लॉन्चर और गोला–बारूद सहित भारी मात्रा में माओवादी सामग्री बरामद की गई है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने बताया कि दंतेवाड़ा और बीजापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में माओवादियो की उपस्थिति की सूचना मिलने पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड–डीआरजी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ की संयुक्त टीम रवाना की गई थी। इसी दौरान बैलाडीला की पहाड़ियों के पास पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने सुरक्षा बलों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में नौ माओवादी मारे गए। समाचार लिखे जाने तक सर्च अभियान जारी है। इस अभियान में शामिल सभी जवान सुरक्षित बताए जाते हैं।

इस मुठभेड़ में नौ माओवादियों के मारे जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डीआरजी और सीआरपीएफ के जवानों को बधाई दी है। श्री साय ने कहा कि माओवादियों के खात्मे तक हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। वहीं, उपमुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है और यह हमारे जवानों की दृढ़ता के कारण संभव हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि बस्तर में शांति स्थापित हो रही है और आने वाले समय में छत्तीसगढ़ पूरी तरह से नक्सल मुक्त हो जाएगा।

इधर, बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग–अलग थाना क्षेत्रों से तेरह माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से सात माओवादियों को गंगालूर क्षेत्र से और छह अन्य माओवादियों को तर्रेम थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है।

यह कार्रवाई जिला पुलिस बल, सीआरपीएफ और डीआरजी की संयुक्त टीम ने की है। गिरफ्तार माओवादियों पर कई घटनाओं में शामिल रहने का आरोप है।

भाजपा–सदस्यता अभियान

छत्तीसगढ़ में आज से भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू हो गया है। रायपुर के पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा की अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कराया। इस दौरान संगठन के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे। राज्य में इकतीस अक्टूबर तक यह अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत हर ब्लॉक में दो सौ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज से प्रदेश में संगठन महापर्व अभियान की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। इसी सिद्धांत को लेकर भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई

थी। जनसंघ के इन्हीं आदर्शों पर चलते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ भारतीय जनता पार्टी की शुरुआत हुई।

इससे पहले, कल प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में पार्टी की सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। उन्हें पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सदस्यता नवीनीकरण प्रमाण–पत्र प्रदान किया। इस मौके पर श्री मोदी ने कहा कि भाजपा, भारत की एकमात्र राजनीतिक पार्टी है, जो अपने काम का विस्तार करते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया का पालन कर रही है। उन्होंने कहा कि पार्टी लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए सुधार कर रही है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार जन–मन योजना के माध्यम से गांवों में लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव ला रही है।

नंदकुमार साय–भाजपा प्रवेश

आदिवासी नेता नंदकुमार साय ने फिर से भाजपा में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने आज ऑनलाइन भाजपा की सदस्यता ली। सोशल मीडिया में पोस्ट कर श्री साय ने यह जानकारी साझा की। श्री साय ने अपने पोस्ट में लिखा कि देश की सबसे बड़ी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करना गौरव की बात है। गौरतलब है कि श्री साय ने मई दो हजार तेईस में भाजपा से इस्तीफा देकर कांग्रेस प्रवेश कर लिया था। नंदकुमार साय कांग्रेस में करीब आठ महीने रहे।

केंद्रीय राज्यमंत्री–झारखंड

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने आज अपने झारखंड प्रवास के दौरान चतरा में भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक लेकर विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की। गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने श्री साहू को झारखंड के चतरा और लातेहार जिले का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है।

देवेन्द्र यादव–रिमांड

कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक रिमांड अवधि सात दिनों के लिए और बढ़ा दी गई है। आज बलौदाबाजार जिला न्यायालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई पेशी में पुलिस ने देवेन्द्र यादव की फिर से रिमांड मांगी। जिस पर कोर्ट ने उन्हें सात दिनों के लिए पुलिस रिमांड पर भेज दिया। गौरतलब है कि बलौदाबाजार में बीते दस जून को हुई हिंसा और आगजनी की घटना के मामले में देवेंद्र यादव सत्रह अगस्त से जेल में बंद हैं।

शिक्षक सम्मान

राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को देशभर के पचास शिक्षकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू नई दिल्ली में सम्मानित करेंगी। इनमें छत्तीसगढ़ के दुर्ग स्थित खेदामारा के शासकीय स्कूल की शिक्षिका के. शारदा भी शामिल हैं। के. शारदा राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने वाली छत्तीसगढ़ से एकमात्र शिक्षिका है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत करते हुए के. शारदा ने बताया कि कोविड–नाइंटीन के दौरान उन्होंने अत्याधुनिक शैक्षणिक तकनीक को अपनाया। ई–कंटेंट बनाएं और डिजिटल टूल्स का उपयोग किया। साथ ही गणित की नई पुस्तिका तैयार की और उसका क्यूआर कोड जनरेट किया, ताकि बच्चे आसानी से बिना रुकावट के शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति के तहत बहुभाषा को बढ़ावा देने के लिए उनके द्वारा कुछ पुस्तकें भी बनाई गई हैं। हिंदी से छत्तीसगढ़ी, अंग्रेजी से हिंदी और स्थानीय भाषा हल्बी में भी पुस्तक बनाई है। इसके माध्यम से बच्चों को बस्तर की संस्कृति की जानकारी मिल रही है।

गौरतलब है कि के. शारदा शारीरिक रूप से अस्सी प्रतिशत दिव्यांग हैं और उनका एक हाथ काम नहीं करता है। इसके बाद भी अपने मजबूत इरादों से उन्होंने यह सफलता हासिल की है, जिसके लिए उन्हें शिक्षक दिवस के दिन राष्ट्रपति सम्मानित करेंगी।

<u>कांग्रेस–प्रदर्शन</u>

महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध के विरोध में कांग्रेस ने आज प्रदेशभर में मौन प्रदर्शन किया। रायपुर में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत और बिलासपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी लगाकर मौन धरना दिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले बढ़े हैं।

वहीं, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वाले लोगों को पकड़ने की बजाय सरकार मामले को दबाने का प्रयास करती है।

<u>सक्ती–खाकी किड्स</u>

सक्ती जिले में पुलिस द्वारा 'खाकी किड्स' नामक एक नई पहल शुरू की गई है। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा की अगुवाई में इस अभियान के तहत स्कूली बच्चों को 'साइबर बडी' और 'ट्रैफिक बडी' के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों को साइबर सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक बनाना है, ताकि वे न केवल स्वयं जागरूक हों, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी जागरूक कर सकें। इस मौके पर बच्चों ने साइबर फ्रॉड से बचाव और ट्रैफिक नियमों के पालन की शपथ ली।

<u>स्वाईन फ्लू</u>

दुर्ग जिले में स्वाइन फ्लू से एक और मरीज की मौत हो गई है। जिले में अब तक स्वाईन फ्लू से चार लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, तेरह मरीजों का इलाज जिले के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है। जिला कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को स्वाईन फ्लू से सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला अस्पताल में दस और चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में तीस बिस्तर आरक्षित किए गए हैं।

<u>ओपीएस–प्रशिक्षण</u>

ओल्ड पेंशन स्कीम–ओपीएस चुनने वाले शासकीय सेवकों की पेंशन निर्धारण प्रक्रिया की कार्यशाला और प्रशिक्षण कल चार सितंबर को रायपुर स्थित शासकीय कन्या पॉलिटेक्निक कॉलेज में आयोजित की जाएगी। कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने इस प्रशिक्षण में जिले के सभी आहरण संवितरण अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान कार्यशाला में पुरानी पेंशन योजना लागू होने के बाद मृत्यु होने और आशक्तता वाले शासकीय सेवकों के प्रकरणों में राशि समायोजन तथा पेंशन निर्धारण की प्रक्रिया की पूरी जानकारी वित्त विभाग के अधिकारियों द्वारा दी जाएगी।

संक्षिप्त समाचार

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर में राज्य के प्रसिद्ध तीर्थस्थल महामाया धाम रतनपुर पर आधारित पुस्तिका 'छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध तीर्थस्थल रतनपुर' का विमोचन किया।

– रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आज ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर गिरीश चंदेल ने पौधा लगाया।

– श्रीरामलला दर्शन योजना के तहत आज सक्ती जिले से सैंतीस श्रद्धालुओं के दल को अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्याधाम के लिए रवाना किया।

– गरियाबंद जिले के कोड़ो–हरदी मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने दो सगे भाइयों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

– गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले में हर्राटोला के पास गांजा तस्करी के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से डेढ़ क्विंटल से अधिक का गांजा बरामद किया गया है।

– प्रदेश में कल कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने के भी आसार हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>